भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय,
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Phone.: 2661263,2737446 Fax: 2737446 Website:www.bsgmp.net E_mail:bsgmadhyapradesh@gmail.com

---

क्र0/11357/रा0मु0/साज–सज्जा/2014 भोपाल, दिनांक 17.09.14

प्रति,

1. **समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का.गा.)**
   भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
   संभागीया कार्यालय...........................म.प्र.
2. **समस्त जिला संगठक (स्का.गा.)**
   भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
   जिला संघ ....म.प्र.

विषय :– स्काउट–गाइड विक्रय भण्डार शॉप को अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में।

सन्दर्भ :– **इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 10939 दिनांक 02.09.2014**

–––000–––

विषयांर्तगत लेख है कि संभागीय कार्यालय में स्काउट–गाइड विक्रय सामग्री के लिये स्काउट शॉप संचालित है। वर्ष 2014–15 में प्रति संभाग एवं जिलो को 03–03 लाख रूपये की स्काउट–गाइड सामग्री विक्रय का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। किन्तु इस वित्तीय वर्ष के पांच माह बीत जाने के बाद भी दिये गये लक्ष्य के अनुसार सामग्री का विक्रय नही हो पा रहा है। जिलो से शिकायत भी प्राप्त होती है कि जिले में स्काउट शॉप न होने के कारण शालाओं द्वारा या तो स्काउट गतिविधियों में भाग नही लिया जाता है, और यदि लिया भी जाता है तो अनाधिकृत दुकानदारो से स्काउट–गाइड सामग्री क्रय की जाती है जो निर्धारित मानक स्तर की नही होती है जिससे एक ओर तो स्काउट–गाइड यूनिफार्म की एकरूपता में भिन्नता आती है वही संस्था को आर्थिक रूप से हानि होती है।

अतः आप व्यक्तिगत रूप से आपके संभाग के जिन जिलो में स्काउट–गाइड शॅाप का संचालन नही किया जा रहा है उस जिले में संस्था के पदस्थ कर्मचारी/जिला संघ के पदाधिकारियों से चर्चा कर स्काउट शॉप प्रारंभ कर अग्रिम राशि के साथ आवश्यक सामग्री कामांग पत्र भिजवाने की ब्यवस्था करें एवं जब तक जिले द्वारा शॉप का प्रारंभ नही किया जाता तब तक उन जिलो में संभागीय स्काउट शॉप प्रभारी को जिले सें स्काउट–गाइड सामग्री की मांग एवं विक्रय हेतु माह में दो दिवस समन्वय कर जिला स्तर पर जाकर स्काउट–गाइड सामग्री की विक्रय व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। इस ब्यवस्था के अधीन की यात्रा देयक हेतु प्रस्तुत देयक के साथ विक्रय विवरण भी प्रस्तुत किया जावें जिसका भुगतान राज्य मुख्यालय की स्वीकृति पश्चात संबंधित संभागीय कार्यालय द्वारा किया जायेगा।

अतः आप प्रतिमाह कम से कम पच्चीस हजार रूपये की सामग्री का विक्रय कर राशि राज्य मुख्यालय को भेजे तद्पश्चात ही आपको उक्त माह का वेतन जारी किया जायेगा। क्योंकि संस्था आर्थिक कठिनाई के दौर से गुजर रही है ऐसी स्थिति में विक्रय बढाया जाना नितांत आवश्यक है। आप वरिष्ठ कार्यालय की मंशा के अनुरूप कार्य करे ताकि संस्थाकी वित्तीय स्थिति सुदृढ हो सके।

पत्र को प्राथमिकता देवे।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड, म.प्र.